# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

# निर्वाचन साक्षरता क्लब

# [Electoral Literacy Club]

SVEEP

No Voter to be Left Behind

## वार्षिक रिपोर्ट : 2021-22

# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

## -: निर्वाचन साक्षरता क्लब : वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 :-

निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों के अनुक्रम में सत्र 2021-22 के आरम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) का गठन किया गया। जिसमें डॉ. मंजु फड़िया को ई.एल.सी. नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए डॉ. कुलदीप फड़िया, डॉ. शशी देपाल, डॉ. श्वेता व्यास, डॉ. भवशेखर, डॉ. स्नेहा बाबेल एवं डॉ. किरण मीणा को ई.एल.सी. सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर द्वारा महाविद्यालय में संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) उदयपुर जिले की लीड ई.एल.सी. बनाया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग एवं सरकार जिला निर्वाचन अधिकारी, अति. जिला कलक्टर (शहर), उदयपुर के द्वारा दिनांक 04.08.2021 को जारी किए आदेश के अनुसार महाविद्यालय ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया की अनुशंसा पर द्वितीय वर्ष कला की छात्रा सुश्री भव्या आमेटा को सत्र 2021-22 के लिए महाविद्यालय में संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) में 'ई.एल.सी. कैंपस एम्बेसेडर' नियुक्त किया गया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर के द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के स्वीप (SVEEP) प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार सत्र पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। सत्र भर मतदाता जागरूकता श्रंखला' (Voters Awareness Series) के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में ई.एल.सी. सदस्यों एवं छात्राओं में परस्पर विचार-विमर्श द्वारा मतदान के महत्व एवं मतदान के प्रति हमारे कर्तव्य को केन्द्र में रखकर परिचर्चाएं आयोजित की गईं। महाविद्यालय ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया ने मतदान की महत्ता बताते हुए छात्राओं को निरंतर प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता को केंद्र में रखकर आयोजित परिचर्चाओं में उपस्थित सभी संकायों की छात्राओं ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।

कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी, उदयपुर के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु दिनांक 13.09.2021 को ई.एल.सी. मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर के माध्यम से


**ऑनलाईन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता (विषय : 'सामर्थ्य लोकतंत्र का') में 17 छात्राओं एवं स्लोगन प्रतियोगिता (विषय : 1. 'जागरूक मतदाता सशक्त लोकतंत्र' ; 2. 'सशक्त मतदाता सशक्त लोकतंत्र') में 11 छात्राओं ने भाग लिया।**

**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में "निर्वाचन साक्षरता क्लब" द्वारा स्वीप (SVEEP) के अंतर्गत दिनांक** 11 **अक्टूबर** 2021 **(सोमवार) को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय छात्राओं के बीच स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का 'थीम' रखा गया - 'हमारा मतदान और मतदान के प्रति जागरूकता'। डॉ. मंजु फड़िया (ई.एल.सी. नोडल अधिकारी) के निर्देशन में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का समस्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




**प्रथम पुरस्कार: सुश्री नंदिता जारोली**




**द्वितीय पुरस्कार: सुश्री भव्या आमेटा**

**तृतीय पुरस्कार: सुश्री काजल खटीक**

**मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत "स्लोगन लेखन प्रतियोगिता" की विजयी प्रस्तुतियों की तस्वीरें (11.10.2021)**

**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में “निर्वाचन साक्षरता क्लब“ द्वारा स्वीप (SVEEP) के अंतर्गत दिनांक 23 अक्टूबर 2021 (शनिवार) को डॉ. मंजु फड़िया (ई.एल.सी. नोडल अधिकारी) के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें मतदान संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर ने महाविद्यालय की 21 प्रतिभागी छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरक उद्बोधन दिया। ‘मेहंदी के माध्यम से मतदान जागरूकता’ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय मावली की प्राचार्य डॉ. सुधा जैन ने हिस्सा लिया।**




















**मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत "मेहंदी के माध्यम से जागरूकता" कार्यक्रम की तस्वीरें (23.10.2021)**

महाविद्यालय ई.एल.सी. के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत दिनांक 26 अक्टूबर 2021 (मंगलवार) को छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 'मतदान की शपथ कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर की छात्राओं एवं ई.एल.सी. के संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में महाविद्यालय ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को इस बात की शपथ दिलाई कि - "मैं राष्ट्र निर्माण हेतु अवश्य ही मतदान करूँगा/करुँगी।"

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' द्वारा स्वीप (SVEEP) के अंतर्गत दिनांक 11 अक्टूबर 2021 (सोमवार) से 11 नवम्बर 2021 (गुरूवार) तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से और मतदान के प्रति वचनबद्धता को लेकर महाविद्यालय छात्राओं के बीच 'हस्ताक्षर अभियान' चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान का 'थीम' रखा गया "हमारा मत - हमारा लोकतंत्र"।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2022 के अन्तर्गत Voter Helpline App संकल्प अभियान के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण किया जाना था। महाविद्यालय की ऐसी छात्राओं को 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' (Voter Helpline App) के माध्यम से ऑनलाईन पंजीकृत करने हेतु 16 नवम्बर 2021 (मंगलवार) को महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में एक 'नव मतदाता पंजीकरण कैंप' आयोजित किया गया। आयोजित 'नव मतदाता पंजीकरण कैंप' में महाविद्यालय की 117 छात्राओं को 'वोटर हेल्पर्लाइन ऐप' डाउनलोड करवाया गया। कार्यक्रम में जिला आयोजना अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा ने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। स्वीप प्रकोष्ठ जिला निर्वाचन विभाग से आई ट्रेनिंग टीम के सदस्यों ने छात्राओं से VHA एप डाउनलोड करवाया एवं जहां कहीं भी छात्राओं को कोई समस्या आई, उनका तत्काल निदान प्रस्तुत किया। कैंप के उद्घाटन में लगभग 350 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 117 छात्राओं के द्वारा 'वोटर हेल्पलाइन एप' अपने मोबाइल में डाउनलोड किया तथा अन्य सभी को वोटर के रूप में रजिस्टर करने की ट्रैनिंग दी गई।

















**महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में 'नव मतदाता पंजीकरण कैंप' आयोजन की तस्वीरें (16.11.2021)**

निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार के आदेश के अनुक्रम में प्राप्त निर्देशों के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर की अध्यक्षता में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) एवं महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा दिनांक 27.11.2021 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत "युवा महोत्सव" का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के पन्नागार सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप प्रभारी एवं जिला आयोजना अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर द्वारा की गई, जिसमें आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय की सहायक निदेशक डॉ. फरहद बानो ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) एवं महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 छात्राओं, गतिविधियों में सहभागी छात्राओं, एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं एवं एन.सी.सी. कैडेट्स ने कोविड गाइडलाइन नियमों का पालन करते हुए भाग लिया। डॉ. कुलदीप फड़िया (ई.एल.सी. सह-नोडल अधिकारी) ने कार्यक्रम में घोषणा की इस वर्ष से हम क्लब की गतिविधियों को विस्तार देते हुए "ई.एल.सी. एक्सीलेंस अवार्ड" किसी ऐसी छात्रा को देना सुनिश्चित कर रहे हैं, जिसने वर्ष भर इस दिशा में महाविद्यालय की ओर से उल्लेखनीय विद्यार्थी योगदान किया हो। छात्रा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित 'युवा महोत्सव' के इस कार्यक्रम में क्लब की गतिविधियों को उद्देश्यपूर्ण ढंग से क्रियाशील करने तथा सक्रिय विद्यार्थी योगदान के लिए 'ई.एल.सी. एक्सीलेंस अवार्ड' सभी अतिथियों, प्राचार्य जी एवं ई.एल.सी. सह-नोडल अधिकारी द्वारा मिलकर ई.एल.सी. कैंपस एंबेसडर सुश्री भव्या आमेटा को प्रदान किया गया।














निर्वाचन साक्षरता क्लब : युवा महोत्सव एवं छात्रा जागरूकता कार्यक्रम की तस्वीरें (27.11.2021)

**महाविद्यालय की छात्राओं को 'वोटर हेल्पलाइन एप' के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत करने हेतु 29 नवंबर 2021 सोमवार को महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में एक नव-मतदाता पंजीकरण मेगा कैंप (क्लस्टर कैंप) आयोजित किया गया। कैंप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर ने छात्राओं को मतदान का महत्व समझाते हुए पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया।**

**दिनांक 25 जनवरी 2022 को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार महाविद्यालय में '12 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, मंत्रालयी कर्मचारियों एवं छात्राओं को कोविड गाइडलाइन्स के अनुरूप मास्क और दो गज की सोशल डिसटेंसिंग के साथ मतदान की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार आयोजित शपथ कार्यक्रम में छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए ई.एल.सी. सह-नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप फड़िया ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाये जाने का औचित्य छात्राओं को बताया और उन्हें मतदाता जागरूकता संबधी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचिहर ने अपने संबोधन से छात्राओं में जोश का संचार करते हुए उन्हें यह बताया कि क्यों सबल और सफल लोकतंत्रात्मक समाज में बिना किसी प्रलोभन के मतदान अवश्य किया जाना बेहद जरूरी है।**










**12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित मतदान की शपथ कार्यक्रम कि तस्वीरें (दिनांक 25 जनवरी 2022)**

**भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जनवरी 2022 को जिला स्तर पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला कलेक्ट्रेट उदयपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर से ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया, ई.एल.सी. सह-नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप फड़िया एवं सुश्री भव्या आमेटा (द्वितीय वर्ष कला की छात्रा एवं ई.एल.सी. कैंपस एम्बेसेडर) को जिला स्तर पर प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर मतदाता जागरूकता एवं नव मतदाताओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने में अपने श्रेष्ठ योगदान के लिए सम्मानित किया गया।**





**12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित**
**ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डॉ. मंजु फड़िया एवं सह-नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप फड़िया (25 जनवरी 2022)**





**12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित**
**एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर के साथ सुश्री भव्या आमेटा (25 जनवरी 2022)**

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर की 07 छात्राओं को मतदाता जागरूकता से सम्बंधित विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में विजेता रहने पर जिला स्तरीय विद्यार्थी प्रतियोगिता पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस प्रकार राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप (SVEEP) प्रकोष्ठ उदयपुर के निर्देशानुसार सत्र भर में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की गई। ये सभी गतिविधियां इस उद्देश्य से भी आयोजित की गईं कि महाविद्यालय की छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़े और साथ ही नव-मतदाताओं का पंजीकरण यथाशीघ्र और संपूर्ण स्वरूप में हो सके। इसके साथ ही उन लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके जिन उद्देश्यों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) की स्थापना की गई है। सत्र भर के समस्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन में ई.एल.सी. सदस्य एवं संकाय सदस्यों डॉ. शशी देपाल, डॉ. भवशेखर, डॉ. श्वेता व्यास, डॉ. स्नेहा बाबेल, डॉ. किरण मीणा ने अपना सक्रिय योगदान दिया। महाविद्यालय में द्वितीय वर्ष कला की छात्रा एवं ई.एल.सी. की कैंपस एम्बेसेडर सुश्री भव्या आमेटा ने छात्रा प्रतिनिधि के रूप में सभी कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित किया।

डॉ. मंजु फड़िया
(ई.एल.सी. नोडल अधिकारी)